# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


## ऑपरेशन सिंदूर के नायक IPS पराग जैन बने नए रॉ चीफ, पाकिस्तान के खिलाफ निभाई थी अहम भूमिका।


Publisher Published on 28 Jun 2025




## रॉ प्रमुख रवि सिन्हा की रिटायरमेटं के बाद सरकार ने ARC के मुखिया पराग जैन को सौंपा भारत की सबसे बड़ी बाहरी खुफिया एजेसी R&AW की कमान।

**ऑपरेशन सिंदूर से मिली पहचान, अब रॉ के नए प्रमुख होंगे पराग जैन**

**भारत सरकार** ने 1989 बैच के पंजाब कैडर के **IPS अधिकारी पराग जैन** को देश की सबसे बड़ी बाहरी खुफिया एजेंसी **रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (R&AW)** का नया प्रमुख नियुक्त किया है।

पराग जैन वर्तमान में **रॉ की एविएशन विंग एविएशन रिसर्च सेटंर (ARC)** के निदेशक हैं और उन्हें **ऑपरेशन सिंदूर** के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ **अहम इंटेलिजेसं** उपलब्ध कराने के लिए जाना जाता है।

**ऑपरेशन सिंदूर मे पाकिस्तान पर भारी पड़ी भारतीय इंटेलिजेसं**

**ऑपरेशन सिंदूर** के दौरान **ARC** ने **भारतीय वायुसेना** को पाकिस्तान में स्थित **जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन** जैसे **आतंकी संगठनों** के ठिकानों के **सटीक लोकेशन** और **कॉर्डिनेट्स मुहैया** कराए।

१. **पीओके मे बंने टेरर लॉन्च पैड्स की जानकारी ARC के टोही विमानों ने जुटाई थी।**

२. **ARC ने पाकिस्तानी वायुसेना की गतिविधियों पर एरियल निगरानी रखते हुए ऑपरेशन को सफल बनाया।**

३. **भारतीय वायुसेना ने इस खुफिया इनपुट के आधार पर 9 आतंकी ठिकानों और 11 पाकिस्तानी एयरबेस को निशाना बनाकर तबाह कर दिया।**

**क्या है ARC और क्यों है खास ?**

**एविएशन रिसर्च सेटंर (ARC)** की **स्थापना 1962** में **चीन युद्ध** के दौरान हुई थी। वर्तमान में यह **रॉ की टेक्निकल** और **एरियल विंग** के रूप में काम करता है।

**ARC के पास खुद के सर्वे एयरक्राफ्ट्स और हेलीकॉप्टर है ॱ**

ये विमान दुश्मन के **गोपनीय** और **सैन्य ठिकानों** की निगरानी और उच्च गुणवत्ता की इमेजरी के लिए इस्तेमाल होते हैं

**कौन है पंराग जैन ?**

१. **पराग जैन 1989 बैच के पंजाब कैडर के IPS अधिकारी है ॱ**

२. **वर्षों से कैबिनेट सेक्रेटेरिएट और रॉ से जुड़े तकनीकी अभियानों मे संक्रिय भूमिका निभा चुके है ॱ**

३. **उन्हे स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस और एविएशन निगरानी मे विशेषज्ञता प्राप्त है**

४. **रॉ के मौजूदा प्रमुख रवि सिन्हा इस महीने 30 जून को रिटायर हो रहे है, ॱऔर उसी दिन पराग जैन अपना कार्यभार संभालेगें**।

**पीएम मोदी की उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक मे निभाई थी अहम भूमिका**

**ऑपरेशन सिंदूर** के दौरान जब **प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, CDS** और **तीनों सेनाओं के प्रमुखों** के साथ **उच्च स्तरीय बैठक** कर रहे थे, तब **रॉ प्रमुख रवि सिन्हा के साथ ARC चीफ पराग जैन** भी उपस्थित थे। इससे उनकी भूमिका की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.